भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3998
जिसका उत्तर मंगलवार 20 मार्च, 2018 को दिया जाना है

पराग टूल्स लिमिटेड का पुनरुद्धार पैकेज

3998. डॉ बूरा नरसैय्या गौड:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या पराग टूल्स लिमिटेड हेतु पुनरुद्धार पैकेज को स्वीकृत किया गया है और आईडीपीएल को बहुत शीघ्र बंद कर दिया जाएगा;

(ख) यदि हां, तो पराग टूल्स लिमिटेड के पुनरुद्धार पैकेज का ब्यौरा क्या है और आईडीपीएल को बंद करने के क्या कारण हैं; और

(ग) पराग टूल्स के पुनरुद्धार पैकेज की वर्तमान स्थिति क्या है और इसके कब तक उत्पादन प्रारंभ करने की संभावना है?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री
(श्री बाबुल सुप्रियो)

(क) और (ख): पराग टूल्स लिमिटेड के लिए कोई पुनरुद्धार पैकेज अनुमोदित नहीं किया गया है। जहां तक, इंडियन ड्रग्स एंड फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड (आईडीपीएल) का संबंध है, यह औषध विभाग के तहत एक सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम है। औषध विभाग ने सूचित किया है कि इंडियन ड्रग्स एंड फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड (आईडीपीएल) को रुग्ण घोषित कर दिया गया है और 1992 में इसे औपचारिक रूप से औद्योगिक एवं पुनर्गठन बोर्ड (बीआईएफआर) को संदर्भित कर दिया गया। आईडीपीएल के पहले पुनरुद्धार/पुनर्गठन पैकेज अपेक्षित परिणाम हासिल करने में विफल रहे हैं। उपरोक्त को देखते हुए, सरकार ने कंपनी को बंद करने का निर्णय लिया और मंत्रिमंडल ने दिनांक 28.12.2016 को हुई अपनी बैठक में सरकारी एजेन्सियों को इसकी अतिरिक्त भूमि की बिक्री से देयताओं को पूरा करने के बाद आईडीपीएल को बंद करने का निर्णय लिया है।

(ग): पराग टूल्स लिमिटेड के लिए कोई पुनरुद्धार पैकेज नहीं है।

******